**DAY-NULM के घटक शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता योजना (SUSV) के अन्तर्गत मॉडल वेंडिंग जोन विकसित किये जाने हेतु स्वीकृत विस्तृत क्रियान्वयन प्लान (DIP) परियोजनाओं की मिशन निदेशक, सूडा द्वारा दिनांक 08.07.2021 को वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रगति समीक्षा का कार्यवृत्त**

DAY-NULM के घटक शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता योजना (SUSV) के अन्तर्गत मॉडल वेंडिंग जोन विकसित किये जाने हेतु 10 शहरों यथा लखनऊ, वाराणसी, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, प्रसागराज, शाहजहॉपुर, गोरखपुर, गाजियाबाद एवं लोनी की 19 स्वीकृत विस्तृत क्रियान्वयन प्लान (DIP) परियोजनाओं का दिनांक 08.07.2021 को उक्त जनपदों के परियोजना अधिकारियों के साथ प्रगति समीक्षा की गयी, जिसका विवरण निम्नवत है:–

1. **हुसड़िया चौराहा, गोमती नगर, लखनऊ:–** परियोजनान्तर्गत 02 किश्तें उपलब्ध करायी जा चुकी है और कार्य पूर्ण हो गया है और पथ विक्रेताओं को स्थान आवंटित कर दिया गया है। परियोजना अधिकारी के अनुसार तृतीय किश्त (20 प्रतिशत) की आवश्यकता नहीं है एवं परियोजना लोकार्पण हेतु तैयार है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि तृतीय किश्त की आवश्यकता नहीं होने एवं लोकार्पण से संबंधित सूचना तत्काल उपलब्ध करायें।

2. **मनोज पाण्डेय चौराहा के पास, गोमती नगर, लखनऊ:–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 03.03.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है, परन्तु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि नगर आयुक्त से समन्वय कर अतिशीघ्र निविदा कराते हुए कार्य प्रारम्भ कराया जाए।

3. **सिनेपोलिस मॉल के निकट, गोमती नगर, लखनऊ:–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 24.04.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है, परन्तु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि नगर आयुक्त से समन्वय कर नियमानुसर अतिशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराया जाए।

4. **चन्दर नगर, आलमबाग, लखनऊ:–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 22.04.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। उक्त के संबंध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम किश्त के सापेक्ष कार्य पूर्ण कर लिए गए है, निर्माण कार्य कर रही संस्था को अभी भुगतान नही होने के कारण यूसी उपलब्ध नही कराई जा पा रही है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि नगर आयुक्त से समन्वय कर शीघ्र ही नियमानुसार यूसी उपलब्ध करायी जाए।

**उक्त 04 परियोजनाओं पर कार्यवाही– डूडा, लखनऊ**

5. **आनन्द पार्क/दुर्गा कुण्ड, वाराणसी:–** परियोजनान्तर्गत 02 किश्तें उपलब्ध करायी जा चुकी है और कार्य पूर्ण हो गया है। परियोजना अधिकारी के अनुसार तृतीय किश्त (20 प्रतिशत) की आवश्यकता नहीं है एवं परियोजना लोकार्पण हेतु तैयार है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि तृतीय किश्त की आवश्यकता नहीं होने एवं लोकार्पण से संबंधित सूचना तत्काल उपलब्ध करायें।

6. **नौ स्थलों/मार्गों (वेंडिंग जोन), वाराणसी:–** परियोजनान्तर्गत 02 किश्तें उपलब्ध करायी जा चुकी है और कार्य पूर्ण हो गया है एवं परियोजना लोकार्पण हेतु तैयार है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र द्वितीय किश्त की नियमानुसार यूसी उपलब्ध करायी जाए।

7. **बौद्ध मन्दिर सारनाथ, वाराणसी:–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 06.03.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है, परन्तु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एएसआई से कार्य प्रारम्भ किये जाने की अनुमति प्राप्त नहीं हुयी है, जिसके कारण अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी से वार्ता कर 15 दिवसों में निर्णय प्राप्त कर लें व कार्य न किये जाने के निर्णय की दशा में जारी प्रथम किश्त ब्याज सहित मुख्यालय को वापस कराना सुनिश्चित किया जाए।

8. **पंचकोसी रोड से मानसिक चिकित्सालय, तालाब तक, वाराणसी:–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 22.04.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है, परन्तु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उक्त के संबंध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मॉडल वेंडिंग जोन क्षेत्र में कुछ कार्य पीडब्लूडी द्वारा किया जाना है, इस कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र संशोधित आगणन एवं संशोधित परियोजना उपलब्ध कराये ताकि अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

जारी
12-07-2021

**उक्त 04 परियोजनाओं पर कार्यवाही– डूडा, वाराणसी**

9. **हंस चौक, सूरजकुण्ड, मेरठः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 16.08.2018 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना में निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कार्य न होने के कारण निर्माण कार्य रोक दिया गया है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्तर्गत रिपोर्ट उपलब करायें एवं अतिशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराया जाए एवं नियमानुसार यूसी उपलब्ध करायी जाए।

**कार्यवाही– डूडा, मेरठ**

10. **गॉधी पार्क जनमंच के पास, सहारनपुरः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 16.08.2018 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्थल विवाद होने के कारण टाऊन वेंडिंग कमेटी के निर्णय उपरान्त नये स्थल सिविल हॉस्पिटल के पीछे मॉडल वेंडिंग जोन विकसित किये जाने हेतु कार्य प्रगति में है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि नये स्थल पर कार्य किये जाने के संबंध में टाऊन वेंडिंग कमेटी के निर्णय की प्रति सहित परियोजना निदेशक के स्तर से स्थान परिवर्तन के अनुमोदन का पत्र उपलब्ध करायें एवं नियमानुसार यूसी करायी जाए।

11. **दिल्ली रोड, कम्पनी बाग एंव मण्डी समिति रोड, सहारनपुरः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 22.04.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्थल विवाद होने के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ है। टाऊन वेंडिंग कमेटी के बैठक में निर्णय उपरान्त कार्य प्रारम्भ हो पायेगा। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि टाऊन वेंडिंग कमेटी की बैठक में शीघ्र ही निर्णय कराया जाए एवं निर्णय की प्रतिलिपि मुख्यालय को उपलब्ध करायें तथा नियमानुसार यूसी उपलब्ध करायी जाए।

**उक्त 02 परियोजनाओं पर कार्यवाही– डूडा, सहारनपुर**

12. **आईएसबीटी, आगराः–** परियोजनान्तर्गत 02 किश्तें उपलब्ध करायी जा चुकी है और कार्य पूर्ण हो गया है एवं 42 पथ विक्रेताओं को स्थान आवंटित कर दिया गया है। परियोजना अधिकारी के अनुसार तृतीय किश्त (20 प्रतिशत) की आवश्यकता नहीं है एवं परियोजना लोकार्पण हेतु तैयार है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि अवशेष पथ विक्रेताओं को तत्काल स्थान आवंटन कराएं, तृतीय किश्त की आवश्यकता नहीं होने एवं लोकार्पण से संबंधित सूचना तत्काल उपलब्ध करायें।

**कार्यवाही– डूडा, आगरा**

13. **सिविल लाइन पत्थर गिरिजाघर, प्रयागराजः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 08.03.2019 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्थल विवाद होने के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। स्थल परिवर्तन के संबंध में टाऊन वेंडिंग कमेटी में निर्णय के उपरान्त कार्य प्रारम्भ हो पायेगा। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि टाऊन वेंडिंग कमेटी की बैठक में शीघ्र ही निर्णय कराया जाए एवं निर्णय की प्रतिलिपि मुख्यालय को उपलब्ध करायें। टाऊ वेंडिंग कमेटी के निर्णय के उपरान्त अतिशीघ्र संशोधित आगणन एवं संशोधित परियोजना उपलब्ध कराये ताकि अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

**कार्यवाही– डूडा, प्रयागराज**

14. **टाऊन हॉल एवं शहरीद पार्क, शाहजहॉपुरः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 04.07.2019 को उपलब्ध करायी जा चुकी है, परन्तु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उक्त के संबंध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मॉडल वेंडिंग जोन क्षेत्र में नाले का निर्माण नगर निगम एवं सीएण्डडीएस के माध्यम से किया जाना है, जिसके निर्माण में कुछ तकनीकी कमियॉ होने के कारण नाले का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो पाया है, जिसके कारण मॉडल वेंडिंग जोन का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि परियोजना प्रारम्भ के संबंध में नगर आयुक्त/परियोजना निदेशक से वार्ता कर 15 दिवसों में निर्णय प्राप्त कर लें व करायें अथवा कार्य न किये जाने के निर्णय की दशा में जारी प्रथम किश्त ब्याज सहित मुख्यालय को वापस कराना सुनिश्चित किया जाए।

**कार्यवाही– डूडा, शाहजहॉपुर**

15. **रामगढ़ ताल, गोरखपुरः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 13.12.2019 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। उक्त के संबंध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम किश्त के सापेक्ष कार्य प्रगति में है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही नियमानुसार यूसी उपलब्ध करायी जाए।

16. **हरिओम नगर रुस्तमपुर ढाले, गोरखपुरः–** परियोजनान्तर्गत 02 किश्तें उपलब्ध करायी जा चुकी है और कार्य पूर्ण हो गया है और पथ विक्रेताओं को स्थान आवंटित कर दिया गया है। परियोजना का मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 05.03.2021 को लोकार्पण किया जा चुका है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही नियमानुसार द्वितीय किश्त की यूसी उपलब्ध करायी जाए।

17. **मेहावा ट्रान्सपोर्ट नगर, गोरखपुरः–** परियोजनान्तर्गत 02 किश्तें उपलब्ध करायी जा चुकी है और कार्य पूर्ण हो गया है और पथ विक्रेताओं को स्थान आवंटित कर दिया गया है। परियोजना का मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 05.03.2021 को लोकार्पण किया जा चुका है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही नियमानुसार द्वितीय किश्त की यूसी उपलब्ध करायी जाए।

**उक्त 03 परियोजनाओं पर कार्यवाही– डूडा, गोरखपुर**

18. **उत्तम स्कूल के सामने, शास्त्री नगर, गाजियाबादः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 13.02.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। उक्त के संबंध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य करने वाली संस्था के चयन हेतु नगर निगम द्वारा अभी तक निविदा प्रकाशित नहीं की गयी है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि नगर आयुक्त से वार्ता कर अति शीघ्र निविदा प्रकाशित कर निर्माण कार्य प्रारम्भ करायें।

19. **विजेल धरौटी, लोनीः–** परियोजनान्तर्गत प्रथम किश्त (40 प्रतिशत) दिनांक 20.04.2020 को उपलब्ध करायी जा चुकी है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य स्थल पर मिट्टी भराव का कार्य प्रगति में है। उक्त के संबंध में निर्देशित किया गया कि अतिशीघ्र प्रथम किश्त के सापेक्ष कार्य पूर्ण करते हुए नियमानुसार प्रथम किश्त की यूसी उपलब्ध करायी जाए।

**उक्त 02 परियोजनाओं पर कार्यवाही– डूडा, गाजियाबाद**

**सभी परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त परियोजनाओं में स्वीकृत कार्यों एवं मानकों के अनुसार ही समस्त कार्य किये जाए, जिनका निरन्तर स्थल भ्रमण करते हुए अनुश्रवण किया जाए ताकि परियोजाओं को समय से पूर्ण किया जा सके।**

12.7.2021
(यशु रुस्तगी)
o/c निदेशक / मिशन निदेशक

पत्रांक– 849 /241/NULM/Teen/2001/SUSV-DIP दिनांक 12-07-2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. संबंधित जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
3. संबंधित नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
4. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, लोनी, उ0प्र0।
5. संबंधित सिटी प्रोजेक्ट आफिसर / परियोजना निदेशक, सी0एम0एम0यू0 / डूडा, उ0प्र0।
6. सहायक वेबमास्टर, सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

12.7.2021
(यशु रुस्तगी)
o/c निदेशक / मिशन निदेशक